Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding release of insurance claim on crop cutting basis under the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana to farmers in Hanumangarh district of the Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan

श्री राहुल कस्वां (चुरू): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के हनुमानगढ़ जिले की नोहर, रावतसर व भादरा तहसील के किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी द्वारा किया जा रहा है । क्षेत्र के किसानों को कंपनी द्वारा खरीफ फसल वर्ष 2021, रबी वर्ष 2021-22 का बीमा क्लेम आज तक जारी नहीं किया गया है ।

35 प्रतिशत से अधिक क्रोप कटिंग ए.आई.सी. (एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी) के कर्मचारियों, राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सभी के समक्ष किया गया था, क्रोप कटिंग की रिपोर्ट भी भेज दी गई है, बावजूद इसके बीमा कंपनी द्वारा STAC में क्रॉप कटिंग के आंकड़ों पर आपत्ति लगाते हुए बीमा क्लेम का भुगतान करने से मना किया जा रहा है, व सेटेलाइट डाटा की माँग की जा रही है। जबकि किसानों के द्वारा लगातार माँग की जा रही हैं कि खरीफ फसल वर्ष 2021, रबी वर्ष 2021 एवं 2022 का बीमा क्लेम क्रोप कटिंग के आधार पर जारी किया जाये। आपत्ति की सुनवाई के दौरान राजस्थान सरकार ने आनुपातिक आधार पर क्लेम जारी करने का आश्वासन दिया, लेकिन आज तक क्लेम नहीं दिया गया है।

मेरा सदन के माध्यम से कृषि मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र के हनुमानगढ़ जिले के तहत आने वाले नोहर, भादरा व रावतसर तहसील के किसानों को खरीफ फसल वर्ष 2021, रबी वर्ष 2021 एवं 2022 का बीमा क्लेम क्रोप कटिंग के आधार पर मय ब्याज शीघ्रताशीघ्र जारी किया जाये।